हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 23 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री


13 सोसायटी में एक करोड़ के गबन का आरोप, पूर्व प्रधान समेत तीन नामजद





14 शंखनाद व स्वस्तिवाचन से हुआ अध्यात्म, कला व संस्कृति को समर्पित गीता जयंती महोत्सव का भव्य आगाज




## शहर में बस स्टैंड व पटवार भवन में रैन बसेरे चालू, बावल में नगर पालिका ने की रैन बसेरे की व्यवस्था

# रैन बसेरों में आने लगे शरणार्थी, कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पूरी की तैयारी

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

आगामी दिनों में बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से रैन बसेरों में पूरी व्यवस्था कर दी गई है। रैन बसेरों में रोजाना 8 से 10 लोग ठहरने के लिए भी आ रहे है। हालांकि इस बार अभी तक कड़ाकें की ठंड नही पड़ी है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। दिसंबर माह खत्म होने जा रहा है। जनवरी माह में तापमान में गिरावट आने पर असहाय लोगों को रैन बसेरों की ज्यादा जरूरत पड़ने वाली है। बस स्टैंड व पटवार में स्थित रैन बसेरों में नगर परिषद की ओर कर्मचारी लगाए गए है ताकि आश्रय लेने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। प्रति वर्ष प्रशासन की ओर से रैडक्रास सोसायटी व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है तथा खुले में सोने वाले लोगों को कंबल भी बांटे जाते है। कड़ाकें की ठंड पड़ने पर रैन बसेरों में अलाव जलाने का कोई प्रावधान नहीं है। नगर परिषद की ओर से कमरों में हीटर की व्यवस्था की जाती है। कड़ाकें की ठंड पड़ने पर प्रशासन की ओर से रात के समय शहर में सड़क पर सोए हुए लोगों को कंबल देने के साथ रैन बसेरों में भी लाया जाता है, लेकिन अभी तेज ठंड नहीं होने की वजह से प्रशासन की ओर से अभियान शुरू नहीं किया है।








रेवाड़ी। पटवार भवन के रैन बसेरे में गेट पर बैठा कर्मचारी, रैन बसेरे के कमरे में पलंग व रजाई–गद्दों की व्यवस्था, बावल में खुला हुआ रैन बसेरा। फोटो :हरिभूमि

### पटवार भवन रैन बसेरे में 30 लोगों की व्यवस्था

शहर में पटवार भवन तथा बस स्टैंड पर पुरुषों व महिलाओं के लिए रैन बसेरों में अलग से व्यवस्था है। रैन बसेरों में बिजली-पानी सहित पलंग, रजाई,गद्दे व कंबल की व्यवस्था की जा चुकी है। पटवार भवन में बने रैन बसेरे में शरणार्थियों के लिए 30 पलंग लगाए गए है। ठंड बढ़ने के साथ ही रेलवे स्टेशन व फुटपाथ पर सोने वाले असहाय लोगों को रैन बसेरों में आश्रय दिया जाता है। रैन बसेरों में सिर्फ ठहरने की ही व्यवस्था की जाती है। अपने खाने का खुद प्रबंध करना होगा। पटवार भवन के रैन बसेरे में दो शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कर्मचारी चन्द्रमोहन व शाम 5 से सुबह 9 बजे तक ईश्वर सिंह बोड़वाल की ड्यूटी लगाई गई है।

### बावल में सुचारू रुप से चल रहा रैन बसेरा

बावल में नगरपालिका की ओर से एक दिसंबर से पुराने फायर कार्यालय में रैन बसेरा चालू कर दिया गया है। रैन बसेरे में रुकने वाले व्यक्ति को अपनी आईडी दिखानी होगी। बिना आईडी के रुकने की अनुमति नहीं होगी। बावल नगर पालिका सेक्रेटरी ने बताया कि रैन बसेरे में रुकने वाले व्यक्तियों के लिए बिजली व पानी की व्यवस्था कर दी गई है। रैन बसेरे में पलंग लगाने के साथ रजाई, गद्दे व कंबल की व्यवस्था पूरी कर दी गई है।

### कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई

*रैन बसेरों में आने वाले शरणार्थियों के ठहरने के लिए पूरी व्यवस्था कर दी गई है। रैन बसेरे में आने वाले व्यक्तियों को अटेंड करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ज्यादा ठंड पड़ने पर शरणार्थियों के लिए हीटर लगाने का प्रबंध किया जाता है।*

*-लवकुश, इंचार्ज रैन बसेरा।*

## खबर संक्षेप

### गाड़ी चालक पर रास्ता रोकने का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन के रैंप पर गाड़ी लगाकर रास्ता रोकने के आरोप में जीआरपी ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी के अनुसार राजस्थान के बहरोड़ निवासी कृष्ण अपनी गाड़ी महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन के रैंप पर लगाकर रास्ता अवरुद्ध किए हुए था। मना करने पर भी उसने गाड़ी वहां से नहीं हटाई। जीआरपी ने गाड़ी को कब्जे में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ जीआरपी थाने में केस दर्ज किया गया है।

### स्कूल की साइंस लैब में चोरों की सेंध

**बावल।** गुर्जर माजरी के गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल की लैब का ताला तोड़कर चोर बैट्री व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में प्राचार्य नीरज ने बताया कि सुबह स्कूल खुलने के बाद स्टाफ पहुंचा तो स्कूल की साइंस लैब का ताला टूटा हुआ था। लैब से चोर 8 बैट्री व इनसे संबंधित उपकरण चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### चंडीगढ़ गया एक युवक लापता, केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** प्रजापति कॉलानी से चंडीगढ़ गया एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में महेश चंद ने बताया कि उसका बेटा मनीष 18 दिसंबर को घर से अपने दस्तावेज सत्यापित कराने के लिए चंडीगढ़ के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं आया। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। महेश ने अपने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### ट्रक में बाइक घुसने से चचेरे भाई घायल

**बावल।** आईएमटी में एक्साइड कंपनी के गेट के पास खड़े ट्रक में बाइक घुसने से चचेरे भाई घायल हो गए। पुलिस बयान में सुठना निवासी विवेक ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई नीरज के साथ बाइक पर कहीं जा रहा था। कंपनी के पास बिना इंडिकेटर दिए खड़ा ट्रक सामने से लाइट पड़ने के कारण दिखाई नहीं दिया, जिससे बाइक उसमें घुस गई। हादसे में वह दोनों घायल हो गए।

### होटल के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**बावल।** एनएच-48 पर चोर एक होटल के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में आसलवास निवासी तेजसिंह ने बताया कि वह विकास होटल पर आया हुआ था। उसकी बाइक होटल के बाहर खड़ी थी। जब वह अपने घर जाने के लिए होटल से बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने भिवाड़ी मोड़ पर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महेश्वरी निवासी विक्रम राजस्थान की ओर से अवैध शराब ला रहा था। ग्राम प्रहरी की सूचना पर पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। उसके पास प्लास्टिक बैग से शराब के 48 अध्धे बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**जाटूसाना।** पुलिस ने बेरली खुर्द में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में दिनेश ने आरोप लगाया कि रिंकू के इशारे पर प्रदूमन ने उसके साथ मारपीट की। इस साजिश में कालू भी शामिल है। उसे पहले ही हमले के लिए चेताया गया था।



रेवाड़ी। एचएसएनसीबी टीम की गिरफ्त में स्मैक बेचने का आरोपी।

### नशा तस्करी के आरोप में दो काबू 20.21 ग्राम स्मैक बरामद

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम व पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारकर दो लोगों 20.21 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

एचएसएनसीबी की जिला यूनिट के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई बलवंत की टीम होली चाइल्ड स्कूल की गली में पहुंची, तो वहां इसी कॉलोनी का रहने वाला मनोज कुमार एक खाली प्लॉट में खड़ा हुआ मिला। टीम को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन पीछा करते हुए टीम ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 18.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसे मौके पर ही गिरफ्तार करते हुए सिटी पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है।

**पुलिस ने काबू किया एक आरोपी:** पुलिस ने नंगलिया रणमोख के पास कच्चे रास्त पर गांव निवासी कमल को स्मैक रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कमल के पास स्मैक होने की सूचना मिली थी। उसे करावरा की ओर जाने वाले रास्ते से काबू करने के बाद डीएसपी संजीव कुमार की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1.46 ग्राम स्मैक बराद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

## फाइनेंस कंपनी ने मकान किया सील, खुलवाने पर जेवरात गायब

**कोसली।** विश्वकर्मा कॉलोनी में फाइनेंस कंपनी की ओर से लोन चुकता नहीं करने पर सील किए गए एक मकान को खुलवाने पर उससे नकदी जेवरात गायब मिले। पुलिस ने कंपनी प्रबंधक के खिलाफ चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की है। पुलिस को दर्ज शिकायत में बाबूलाल ने बताया कि उसने एयू स्माल फाइनेंस कंपनी से होम लोन लिया था। परिस्थितिवश वह लोन का भुगतान नहीं कर पाया। इसके बाद कंपनी के मैनेजर प्रतीक ने 23 अक्टूबर को उसका मकान सील कर दिया। उन्हें घर से कोई सामान निकालने का मौका तक नहीं दिया गया। बाबूलाल ने बताया कि 14 दिसंबर को उसने लोन का भुगतान कर दिया। कंपनी ने उसका मकान से सील हटाई, तो मकान के अंदर अलमारी से कैश व जेवरात गायब मिले। उसने इसका वीडियो भी बनाया है। बाबूलाल का दावा है कि मकान सील करने के बाद वह पूरी तरह से कंपनी के कब्जे में था। चोरी के लिए कंपनी प्रबंधक ही जिम्मेदार है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।



कोसली। बाबूलाल का वह मकान जिसे सील करने के बाद चोरी हुई। फोटो :हरिभूमि

### पांच माह पहले धोखे से किया विवाह, अब दहेज के लिए कर रहे परेशान, केस दर्ज

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव की युवती को महेंद्रगढ़ के धनोंदा निवासी युवक ने खुद की सरकारी नौकरी का झांसा देकर प्यार के जाल में फंसाया। करीब पांच माह पहले उसे घर से भगाकर प्रेम विवाह रचाया। अब महिला ने पति व उसके परिजनों पर धोखाधड़ी और दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस को दर्ज शिकायत में विवाहिता ने बताया कि धनोंदा निवासी मनीष की उससे काफी समय पहले मुलाकात हुई थी। उसने बताया था कि वह सरकारी नौकरी करता है। उसने झूठ बोलकर उसे प्यार के चंगुल में फंसा लिया। परिजनों के विरोध के बावजूद जुलाई माह में वह उसके साथ घर से फरार हो गई। दोनों ने मंदिर में जाकर प्रेम विवाह कर लिया। विवाहिता का आरोप है कि मनीष कोई सरकारी नौकरी नहीं लगा था। उसने झूठ बोलकर शादी की। अब वह और उसके परिजन उसे दहेज की मांग पर प्रताड़ित करते हैं। दहेज नहीं लाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



कोसली। दूषित पानी की समस्या को लेकर लगाए जाम का फाइल फोटो।

### रेलवे ट्रैक के बाद रोड जाम करने पर पचास के खिलाफ केस दर्ज

**कोसली।** झाड़ली थर्मल प्लांट का दूषित पानी भरने की समस्या से परेशान लिलोढ़ व गोरिया के ग्रामीणों का गत वीरवार को पहले रेलवे ट्रैक पर बैठना और फिर रोड जाम करना महंगा पड़ गया है। कोसली पुलिस ने दो दर्जन महिलाओं सहित 50 से अधिक लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। दो गांवों के लोगों ने दूषित पानी की समस्या को लेकर एनटीपीसी के थर्मल प्लांट तक जाने वाली रेलवे लाइन पर बैठकर धरना दिया था। उस समय प्लांट की ओर किसी मालगाड़ी का आवागमन नहीं हो रहा था। इसके बाद ग्रामीणों ने लिलोढ़ से मोहनबाड़ी रोड को करीब सवा घंटे तक बाधित कर दिया था। पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया था। थाना कोसली पुलिस ने अब जाम लगाने के आरोप में करीब दो दर्जन महिलाओं सहित पचास से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी का सिलसिला शुरू हो सकता है। जाम के समय थर्मल प्लांट की ओर मालगाड़ियों का आवागमन नहीं होने के कारण ट्रैक पर ग्रामीणों के बैठने का कोई असर नहीं हुआ, जिस कारण आरपीएफ ने कोई केस दर्ज नहीं किया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, केस दर्ज

**रेवाड़ी।** दिल्ली रेलवे ट्रैक पर वीरवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। शव को शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल के शव में गृह में रखवाया गया है।

पटौदी रोड फ्लाईओवर के पास शुक्रवार सुबह दिल्ली ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। जीआरपी ने मौके पर ही शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में जीआरपी ने शव को अस्पताल भिजवा दिया।

## होम मिनिस्टर को गुहार लगाने के बाद केस दर्ज

### चौकी इंचार्ज से लेकर एसपी तक के लगाए चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर बेटे के नाम पर कार को किसी अन्य व्यक्ति को बेचे जाने के मामले में चौकी प्रभारी से लेकर एसपी तक कई बार चक्कर लगाए गए, परंतु शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार मामला जब होम मिनिस्टर तक पहुंचा, तो पुलिस को केस दर्ज करना पड़ा। होम मिनिस्टर अनिल विज को लिखे पत्र में शक्ति नगर निवासी नरेश ने बताया कि उसके बेटे प्रदीप कुमार ने 5 सितंबर को एसपी से मिलकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि मनमोहन ने अपनी बेटी और बेटे के साथ मिलकर उसकी कार फर्जी दस्तावेज और उसके फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर सिरसा के नगराणा निवासी राजेंद्र को बेच दी है। उसकी शिकायत को एसपी ने थाना मॉडल को भेज दिया। मॉडल टाउन थाने से शिकायत सेक्टर-3 चौकी को भेजी गई। उसने आरोप लगाया कि शिकायत के मामले में कार्रवाई के लिए चौकी इंजार्च से लेकर डीएसपी तक ने बार-बार उसके बेटे के चक्कर लगवाए, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। एसपी के आदेशों पर भी चौकी इंजार्च ने कोई कार्रवाई नहीं की। दूसरी पार्टी को एक बार बुलाया, परंतु उनकी ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। नरेश ने आरोप लगाया था कि उसके बेटे की शिकायत पर कार्रवाई करने की बजाय पुलिस आरोपियों से सांठगांठ करके उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। उसने होम मिनिस्टर से गुहार लगाई कि मामले में उचित कार्रवाई के आदेश दिए जाएं। होम मिनिस्टर की ओर से शिकायत एसपी को भेजे जाने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।




रेवाड़ी। पुलिस स्टेशन मॉडल टाउन। फोटो :हरिभूमि



### पुलिस ने पत्र के जवाब में दिया तर्क

पुलिस ने होम मिनिस्टर का पत्र मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जवाब में तर्क दिया है कि प्रदीप की शादी आरोपी मनमोहन की बेटी के साथ हुई थी। शादी के प्रदीप व उसकी पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद के चलते आरोपी की बेटी मायके चली गई। दहेज में दी हुई वर्ना कार भी दूसरे पक्ष ने वापस ले ली। उसकी कार को फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर बेचने के आरोप लगाए गए हैं, जिनकी गहन जांच करने की आवश्यकता है। मामले की जांच एसआई गिरीराज को सौंपी गई है।

### मौसम साफ रहने के बाद पाला जमने की आशंका, अभी बरसात के नजर नहीं आ रहे आसार

# तेजी से लुढ़कने लगा तापमान, कड़ाके की ठंड दे रही दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिसंबर के अंत में कड़ाके की ठंड दस्तक देने जा रही है। दिन के समय तेज धूप से अभी कड़ाके की ठंड से बचाव हो रहा है। तापमान में गिरावट आने से रात के समय ठंड कंपकंपी छुड़ाने लगी है। इस सीजन में वीरवार की रात सबसे ठंडी रही। दिन के तापमान में भी तेज धूप के बावजूद गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। कोहरे से अभी तक निजात मिली हुई है, जिससे सूखी ठंड के कारण पाला जल्द देखने को मिल सकता है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस के साथ 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। सर्दी शुरू होने के बाद पहली बार न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जिसने कड़ाके की ठंड के संकेत देने शुरू कर दिए हैं। गत वर्ष की तुलना में न्यूनतम तापमान में 3.2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। गत वर्ष 22 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 7.2 और अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इन दिनों पिछले साल ठंड का कहर शुरू हो गया था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ है। रात के समय काफी ठंड होती है। दिन के समय तेज धूप निकलने के बाद दोपहर तक मौसम का मिजाज गर्म हो जाता है। कोहरे का इस समय कोई खास असर देखने को नहीं मिला है। देर रात हलका कोहरा पड़ना शुरू होता है, जो दिन निकलने के साथ ही साफ हो जाता है। कोहरा नहीं गिरने से रेल और सड़क यातायात पर कोई असर नहीं हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से एक बार फिर आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। बादल छाने के बाद ही कोहरे का असर देखने को मिलेगा।



रेवाड़ी। एक किसान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

### सूखी ठंड से जम सकता है पाला

मौसम साफ रहने और तापमान में गिरावट के बाद पाला जमा शुरू हो जाता है। अगर तापमान में कुछ कमी और आती है, तो जल्द ही पाला जमना शुरू हो सकता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार गेहूं की फसल पर पाला जमने का कोई असर नहीं होगा, परंतु सरसों की अगेती फसल को इससे नुकसान हो सकता है। सरसों की फलियों में बनने वाले दाने पाला जमने से खराब हो जाते हैं, जिससे फसल उत्पादन पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे में किसानों को फसलों की हल्की सिंचाई नियमित रूप से करनी चाहिए, ताकि फसलों को पाला जमने से बचाया जा सके।

### बिजली की मांग और एक्यूआई बढ़े

सर्दी बढ़ने का असर एक्यूआई और बिजली की खपत दोनों पर पड़ने लगा है। शुक्रवार को एक्यूआई 200 के पास पहुंच गया। ठंड और बढ़ने पर प्रदूषण की समस्या एक बार फिर गहराने की संभावना है। अभी तक मौसम साफ रहने के कारण एक्यूआई 150 से भी नीचे चल रहा था। ठंड बढ़ने से बिजली की खपत में वृद्धि शुरू हो गई है। तीन दिन में करीब 10 लाख यूनिट की खपत बढ़ चुकी है। इसमें भी सर्दी के साथ और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। बिजली की डिमांड 100 लाख यूनिट के पार जाते ही पावर कटों का सिलसिला तेज हो जाएगा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना

बेरली खुर्द के पास मारूति कार की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

बेरली खुर्द निवासी पुरुषोत्तम वीरवार देर सायं बाइक लेकर बेरली कलां बस स्टैंड से घर जा रहा था। रास्ते में ओम धर्मकांटा के निकट एक मारूति कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक प्राइवेट अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद परिजन रेवाड़ी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



एक स्वस्थ घोड़ा 44 किमी प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकता है।



बिल्लियों के हर कान में 32 मांसपेशियां पाई जाती है।

# भविष्य में इन क्षेत्रों में होंगे सबसे ज्यादा नौकरी के अवसर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## डिग्री नहीं प्रतिभा चाहिए

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। ज़ब तक कस्टमर को ही बिज़नेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

देश की सुरक्षा करने के लिए विशाल सेना की आवश्यकता

# इंडियन नेवी में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी के साथ-साथ मिलेगा देश सेवा का भी मौका

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारत देश अनेक सारे देशों की सीमाओं से सटा हुआ एक विशाल देश है। भारत की सीमाएं तीन से चार दुश्मन देशों से मिलती है। ऐसी स्थिति में देश की सुरक्षा करने के लिए एक विशाल सेना की आवश्यकता होती है। विशाल सेना के अंतर्गत नेवी भी शामिल है। बता देते हैं कि भारत के दक्षिण दिशा में विशालकाय समुद्र है। जहां से देश की सुरक्षा करना बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत जरूरी भी है। ऐसी स्थिति में भारतीय नेवी का गठन किया गया है। यह काफी ताकतवर भारतीय सेना है, जो समुद्री मार्ग से आने वाले दुश्मनों का सामना करती है और देश को हमेशा सुरक्षित बनाए रखती है। इंडियन नेवी को हिंदी में नौसेना कहते हैं। यह फौज सामान्य फौज की तुलना में काफी ताकतवर होती है। इनके पास विशालकाय पानी वाले जहाज और पानी में चलने वाले हथियार होते हैं। इसके अलावा इन सैनिकों को पानी में युद्ध करने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि कभी भी युद्ध होने पर पानी में भी भारतीय सेना मुकाबला कर सकें। समुद्र में विभिन्न प्रकार के तत्व और तेल पाए जाते हैं। इसीलिए भारतीय सीमा के अंतर्गत आने वाले समुद्र की रक्षा भी इंडियन नेवी द्वारा ही की जाती है। इसके अलावा समुद्री मार्ग से होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी नेवी की नजर से होकर गुजरता है। इंडियन नेवी दुनिया के सबसे ताकतवर नेवी में से एक है। समय-समय पर आपने टेलीविजन पर देखा होगा, कि किस तरह से इंडियन नेवी द्वारा युद्धाभ्यास किया जाता है और सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के हथियार इंडियन नेवी को उपलब्ध कराए जाते हैं। हाल ही में विक्रांत नाम का सबसे बड़ा और विशालकाय जहाज इंडियन नेवी को मिला है, जिसे समुद्र में उतार कर युद्ध अभ्यास भी किया जा चुका है। इस तरह के युद्धाभ्यास के बाद दूसरे देशों की सेना भी भारतीय सेना से टकराने के लिए एक हजार बार सोचती है। भारतीय नेवी अफसरों को काफी सम्मान मिलता है। इसीलिए आज के समय के अनेक सारे युवा इंडियन नेवी के तहत जॉब करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।



## भारतीय नौसेना काफी ताकतवर



### समुद्री इलाके में तैनाती

समुद्री इलाके में देश की सुरक्षा के लिए नौसेना को तैनात किया जाता है। भारतीय नेवी के पास हर तरह के हथियार और उपकरण है, जिसकी मदद से वह देश की सुरक्षा के साथ किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इंडियन नेवी का सबसे बड़ा अधिकारी नौसेना अध्यक्ष होता है तथा इस सेना की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास होती हैं। पश्चिमी देशों में प्राचीन काल से ही समुद्री यात्राएं की जाती है। लेकिन भारत में पहले ऐसा नहीं होता था। जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कदम रखें, तो वे समुद्री मार्ग से ही आए थे और उसके बाद समुद्र मार्ग से ही भारत के साथ पश्चिमी देशों में व्यापार शुरू कर लिया और समुद्र के रास्ते से ही सभी तरह के व्यापार किए जाते थे। समुद्र के रास्ते विभिन्न देशों की यात्राएं होती थी। इसीलिए महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज ने सन 1674 में अपने शासनकाल में समुद्री सेवा की स्थापना की थी, उसे ही भारतीय इतिहास में इंडियन नेवी स्थापना कहा जाता है।

### लंबा इतिहास

भारतीय नौसेना का इतिहास काफी पुराना है। भले ही आज के समय में इंडियन नेवी को अंग्रेजों की देन कहते हैं या अंग्रेजों को ही इंडियन नेवी का श्रेय देते हैं। लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में समुद्री सेना का विस्तार कर दिया था, जिसके बाद आए अंग्रेजों ने अपने हिसाब से उसे विकसित किया और बड़े पैमाने पर फैलाया। यही वजह है कि आज के समय में हमें अक्सर लोगों द्वारा यह सुनने को मिलता है की अंग्रेजी शासन काल के दौरान ही आधुनिक भारत में इंडियन नेवी की स्थापना की गई थी, बल्कि स्थापना की बजाय विकास किया गया था। हिंदी में इंडियन नेवी को भारतीय नौसेना नाम से भी जाना जाता है।

### ऐसे बनाएं करियर

- अब तक आप भारतीय नौसेना के बारे में जान चुके हैं और अब भारतीय नौसेना में जाने का मन बना चुके हैं। तो आपको इंडियन नेवी में जाने से पहले विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए
- आपको यह पता होना चाहिए की कि आप भारतीय नेवी में जाने लायक है या नहीं क्योंकि यह एक ताकतवर फौज है।
- यहां पर विभिन्न प्रकार की योगिता निर्धारित की गई है। इन योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- अगर आप नौसेना में करियर बनाना चाहते हैं। तो पहले इसका पूरा गणित समझ लीजिए।




## शैक्षणिक योग्यता

- भारतीय नौसेना में यूपीएससी, एनडीए के द्धारा ली जाने वाली परीक्षा के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल पास आउट होना चाहिए।
- इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने वाले उम्मीदवार भी इंडियन नेवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अगर आपने कोई अच्छा कंप्यूटर कोर्स किया है, तो आपको इंडियन नेवी में चयनित होने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।
- अगर आपको टेक्नोलॉजी का ज्ञान है और उसमें रुचि है तो इंडियन नेवी में आपका चयन आसान हो सकता है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए।
- भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।
- इंडियन नेवी में अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष तय की गई है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का मान्यता प्राप्त 10वीं अथवा 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार को दसवीं अथवा 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने आवश्यक है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शरीर की लंबाई 157 सेंटीमीटर तय की गई है।
- महिला आवेदकों के लिए शरीर की लंबाई 152 सेंटीमीटर होना जरूरी है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के छाती का विस्तारित आकार 5 सेमी होना जरूरी है।
- महिलाओं के लिए इस तरह के छाती के विस्तारित आकार की कोई योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।
- इंडियन नेवी के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाता है उसमें पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार अंधा नहीं होना चाहिए, दोनों आंखों से बराबर देखने वाला होना चाहिए।
- उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना जरूरी है।

## इन प्रोसेस से गुजरना होगा

**इंडियन नेवी में भर्ती के लिए तीन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इन तीन प्रक्रियाओं के आधार पर जॉइनिंग की जाती है। वह इस प्रकार है।**

- लिखित परीक्षा
- फिटनेस टेस्ट
- मेडिकल चेकअप

इंडियन नेवी में भर्ती होने के लिए सबसे पहले परीक्षा देनी होता है जिसके लिए लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा में पास होना जरूरी है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी आप नेवी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए भी एग्जाम पैटर्न और सिलेबस निर्धारित किया जाता है। अगर आप उसे अच्छी तरह से समझ लेते हैं, तो यह परीक्षा पास करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है। बता देते हैं कि इंडियन नेवी में लिखित परीक्षा के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, सामान्य ज्ञान, मैथ इंग्लिश, रिजनिंग इत्यादि विषय को सिलेबस के तहत निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाते हैं तथा यह परीक्षा केवल 60 मिनट में देनी होती है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर लेते हैं उन्हें फिटनेस टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है लेकिन जो फेल हो जाते हैं। उन्हें वापस अपने घर लौटना होता है जो उम्मीदवार दूसरे चरण के फिटनेस परीक्षा भी पास कर लेता है उन्हें तीसरे चरण की मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार के शरीर का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उम्मीदवार पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं। और शरीर के सभी अंग सही ढंग से काम करते हैं या नहीं। इस टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। वे इस परीक्षा में पास हो जाते हैं और ट्रेनिंग के बाद उन्हें जॉइनिंग मिल जाती है।

# परीक्षा में सफलता पाने के लिए ठोस योजना और उचित प्रबंधन जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

परीक्षा की तैयारी में सफलता प्राप्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखना आवश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण है एक ठोस योजना बनाना जो समय का उचित प्रबंधन करे। छात्रों को अपने समय को विभिन्न विषयों में संरचित रूप से वितरित करना चाहिए ताकि सभी विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। नियमित रूप से स्वतंत्र अध्ययन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थिनी न केवल पाठ्यक्रम को समझने में सक्षम होती हैं बल्कि उन्हें स्वतंत्र रूप से सोचने और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता भी विकसित होती है। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना भी अच्छा होता है। योग, प्राणायाम, और सही आहार के माध्यम से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जिससे वे परीक्षा के समय तनाव मुक्त रह सकते हैं।

## आत्म निरीक्षण और सुधार की क्षमता बनाना जरूरी

अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए, परीक्षा की तैयारी में आत्म-निरीक्षण और सुधार करने की क्षमता को बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आत्म-मूल्यांकन के माध्यम से छात्र स्वयं को और अधिक सुधारते हैं और अपनी कमजोरियों पर काम करने का समर्थन करते हैं। छात्रों के लिए अध्ययन में ध्यान केंद्रित करना एक कठिन चुनौती हो सकती है, लेकिन इसका महत्वपूर्ण होना यहाँ तक है कि एक सशक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है। इस प्रक्रिया में कई कारकों का ध्यान रखना आवश्यक है जो छात्रों को अध्ययन में ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं। "एक स्वस्थ और व्यावसायिक धारिता बनाए रखना। अच्छी नींद, सही आहार, और योग्यता नुस्खों का पालन करना छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है, जिससे उनका ध्यान बढ़ता है। समय का सही तरीके से प्रबंधन करना भी आवश्यक है। एक ठोस अध्ययन योजना बनाना, विषयों को समय सीमा के अनुसार विभाजित करना और अध्ययन के लिए नियमित अवधि निर्धारित करना छात्रों को अध्ययन में स्थिरता बनाए रखने में मदद कर सकता है। मनोबल को बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सकारात्मक सोच और स्वास्थ्यपूर्ण मनोबल वाले छात्र अध्ययन में अधिक लगाव दिखा सकते हैं और सामने आने वाली मुश्किलों का सामना करने में सफल हो सकते हैं। सहायक साधनों का उपयोग करना भी महत्वपूर्ण है। तकनीकी साधनों का उपयोग करके, छात्रों को सीधे और संगठित तरीके से अध्ययन करने में मदद हो सकती है, जिससे उनकी दृष्टि और ध्यान स्थिर रह सकते हैं। छात्रों को अध्ययन में ध्यान केंद्रित करने के लिए सकारात्मक और योग्यता नुस्खों का पालन करना, समय प्रबंधन, सही मनोबल बनाए रखना और सहायक साधनों का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। इन उपायों का अनुसरण करने से छात्र अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सफल हो सकते हैं और अध्ययन को एक सकारात्मक और उत्साहयुक्त अनुभव बना सकते हैं।

## दबाव हटाने के लिए ये टिप्स अपनाएं

**परीक्षा का समय आते ही छात्रों के चेहरे पर एक अजीब सा दबाव छा जाता है, लेकिन कुछ उपायों के माध्यम से वे इसे सही तरीके से संभाल सकते हैं।**

**सही योजना तैयार करें:** परीक्षा की तैयारी के लिए एक सही योजना तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह योजना उनकी पढ़ाई को व्यवस्थित रूप से करने में मदद करेगी और उन्हें आत्म-नियंत्रण प्रदान करेगी।

**अधिक चिंता ना करें:** चिंता करना केवल समस्याओं को बढ़ाता है। छात्रों को यह याद रखना चाहिए कि वे जो कुछ भी कर सकते हैं, उन्हें यह विश्वास करना चाहिए।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** नींद, खानपान, और व्यायाम का सही समर्थन छात्रों को परीक्षा के दौरान स्थिति को संतुलित रखने में मदद करता है।

**सकारात्मक सोच बनाएं:** नकारात्मक सोच से बचने के लिए छात्रों को अपने आत्म-समर्पण को मजबूत करने और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

**आत्म-समर्थन:** अगर कोई छात्र परीक्षा दबाव का सामना कर रहा है, तो उसे अपने मित्रों, परिवार से या शिक्षकों से सहायता मांगने का साहस करना चाहिए।

**इन सारे तरीकों का अनुसरण करके छात्र परीक्षा के दबाव को सही तरीके से निभा सकते हैं और एक सकारात्मक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक और माता-पिता छात्रों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और जब ये दोनों मिलकर छात्रों को स्थायी तनाव से बाहर निकालने में सहायक होते हैं, तो यह उनके शिक्षा के अनुभव को सकारात्मक बना देता है।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। आंखों की जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल में बच्चों ने कराई आंखों की जांच

**रेवाड़ी।** मोहल्ला शुक्रपुरां स्थित ठाकरदास अग्रवाल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। गंगा देवी अस्पताल से डॉ प्रीति यादव ने अपनी टीम के साथ बच्चों व शिक्षकों की आंखों की जांच करके उचित परामर्श दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### बिजली का पोल सड़क पर गिरा, हादसा टला

**नाहड़।** गांव नाहड़ में लंबे समय से झुका हुआ बिजली का पोल अचानक गिर गया। आसपास किसी व्यक्ति के नहीं होने से हादसा टल गया। नाहड़ की घमंडी वाली कुई के पास एक प्लाट में लगा बिजली का पुराना पोल काफी दिनों से झुका हुआ था। ग्रामीणों ने किसी अनहोनी होने से पूर्व बिजली निगम को इसे हटाने की गुहार लगाई थी। ग्रामीणों के बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी बिजली का पोल नहीं हटाया गया।



रेवाड़ी। गांव मसानी का बस स्टैंड।

### दुर्घटनाओं को रोकने को स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-पलवल राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-919 स्थित गांव मसानी बस स्टैंड पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एडवोकेट ने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है। बस स्टैंड पर तेज गति से वाहनों के निकलने के कारण सप्ताह में दो नागरिकों का सड़क पार करते समय एक्सीडेंट हो चुका है।

### कैडेट्स ने अनेक अंतरिक्ष यानों के मॉडल बनाए

**कुंड।** गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में चंद्रयान-3 की सफलता पर विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कैडेट्स ने विभिन्न अंतरिक्ष यानों के मॉडल बनाए। उप प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार ने बताया कि कैडेट्स में वैज्ञानिक व तकनीकी क्षमता एवं दृष्टिकोण को विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय की ओर से चंद्रयान-3 की सफलता पर विभिन्न कार्यक्रमों की एक श्रृंखला तैयार की गई है।

### एक्सिडेंट में मौत के बाद समझौता, बाद में मुकरा

**रेवाड़ी।** एक्सिडेंट में पति की मौत के बाद कार चालक ने 10 लाख रुपये में समझौता कर लिया, परंतु बाद में वह मृतक की पत्नी को पैसे देने से मुकर गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। एसपी को दर्ज शिकायत में विकास नगर निवासी नरेंद्र कौर ने बताया कि उसका पति मंजीत 8 दिसंबर को घर से आरडीएस कॉलेज जाने के लिए बाइक पर रवाना हुआ था।

## फिक्स डिपॉजिट के पैसे खातों में ट्रांसफर कराने का आरोप

# सोसायटी में एक करोड़ के गबन का आरोप, पूर्व प्रधान समेत तीन नामजद

- पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज कर जांच शुरू की

रामप्रसाद सैनी ⏭ धारूहेड़ा



धारूहेड़ा। पार्क व्यू डिलाइट अपार्टमेंट सोसायटी। फोटो : हरिभूमि

पार्क व्यू डिलाइट अपार्टमेंट सोसायटी की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के कुछ समय पूर्व निर्वाचित पदाधिकारियों ने पूर्व पदाधिकारियों पर सोसायटी के 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का गबन करने का आरोप लगाया है। पदाधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने इंटीग्रेटेड फाइनेंसियल मैनेजमेंट सिस्टम के तहत जमा फिक्स डिपाजिट की राशि में गोलमाल किया है।

पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। आरडब्ल्यूए की सदस्य सरला देवी ने पुलिस शिकायत में बताया कि 2016 में सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के प्रधान मनोज कुमार, सचिव कृष्ण रोहिल्ला व कोषाध्यक्ष बबरजीत नियुक्त हुए थे। उस समय पुरानी आरडब्ल्यूए ने सोसाइटी के 404 परिवारों का आईएफएमए सिक्योरिटी का 75 लाख रुपए फिक्स डिपोजिट के इलाहाबाद बैंक में दो खातों में कराया था। वर्ष 2022 में वर्तमान आरडब्ल्यूए का कार्यकाल समाप्त होने पर चुनाव हुए। नवनिर्वाचित सचिव हरीश शर्मा व कोषाध्यक्ष स्वर्ण कुमार ने संबंधित बैंक को इसकी सूचना ई-मेल व पत्रचार से दे दी। बैंक प्रबंधन को नई कार्यकारिणी के गठन की सूचना मिलने के बाद आरडब्ल्यू के खातों पर नजर डाली तो इस राशि के गबन का खुलासा हुआ। सोसायटी के नए प्रधान हरीश शर्मा पर कुछ लोगों ने हमला भी कर दिया था, जिसे गबन के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है।

### अन्य खातों में भी ट्रांसफर की गई रकम

सरला देवी ने आरोप लगाया कि मनोज कुमार ने सोसाइटी के पैसे अपनी निजी फर्म के अलावा कुछ अन्य लोगों के खातों में ट्रांसफर किए। इसके अतिरिक्त और भी काफी ट्रांजेक्शन किए गए हैं, जिनका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। यह राशि 1 करोड़ रुपये से अधिक मानी जा रही है। मनोज व उसके साथियों ने 75 लाख का गबन करने के अलावा सदस्यों द्वारा हर साल दिए जाने वाले सोसाइटी मेंटिनेंस चार्ज का भी अभी तक हिसाब नहीं दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई है। जांच के बाद ही मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक प्रबंधन ने कराया आरडब्ल्यूए को अवगत

बैंक प्रबंधन ने नई कार्यकारिणी को बताया कि आईएफएमएस सिक्योरिटी के रुपए जो फिक्स डिपोजिट के रूप में जमा थे, वह निवर्तमान प्रधान मनोज कुमार, सचिव कृष्ण रोहिल्ला व कोषाध्यक्ष बबरजीत ने विड्राल कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि 404 परिवारों की मेहनत का पैसा निकालकर उन्होंने गबन किया है। इसके बाद एक वर्ष की बैंक स्टेटमेंट ली गई। जिससे खुलासा हुआ कि इन पदाधिकारियों ने अलग-अलग खातों में रुपए ट्रांसफर किए हैं। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि मनोज कुमार द्वारा संचालित रिया एंटरप्राइजेज के खाते में सोसाइटी के खाते से 30,62,384 रुपए व अपनी अन्य फर्म में 25,30,216 रुपए ट्रांसफर किए हैं।



रेवाड़ी। एसडीओ को मांगपत्र सौंपते आप कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## सीवर से हो रही समस्याओं को लेकर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर में सीवरेज की समस्या को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग के नाम एसडीओ सुरेश कुमार को मांग पत्र सौंपा। पार्टी के संगठन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि शहर की जनता पिछले कई वर्षों से सीवर की समस्याओं से आए दिन जूझ रही हैं। उन्होंने सीवर की समस्याओं के जल्द से जल्द स्थाई समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मोहल्लों, बाजारों व सड़कों पर बनाए गए ऊंचे सीवर चेंबर को सड़क के लेवल में किया जाए, गली-मोहल्लों में सीवर लाइन के मैनहोल से सीवर उपभोक्ता के घर के बाहर तक सरकारी सड़क पर बने चेंबर की सफाई पूर्णतया निःशुल्क की जाए, सीवर की सफाई के दौरान निकलने वाली गाद को तुरंत उठाया जाए ताकि लोगों को गंदगी से परेशानी न उठानी पड़े। मोहल्लों में वर्षों पहले डाली गई 6 से 8 इंच की सीवर लाइन को बदलकर बड़ी पाइप लाइन डाली जाए ताकि आमजन को आए दिन होने वाली सीवर जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके।

**यह रहे मौजूद:** इस मौके पर जिलाध्यक्ष मदन सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय रोहिल्ला, यूथ विंग जिलाध्यक्ष अभिषेक झांब, एक्स सर्विसमैन के जिलाध्यक्ष रिटायर्ड कमांडेंट संतोष यादव, ब्लॉक प्रभारी मनोज अन्ना, यूथ विंग के जिला सहसचिव कपिल, एक्स एम्प्लॉय विंग के जिलाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, वॉर्ड सचिव सुनीता अग्रवाल, भारत सोनी, जसवंत छाबड़ा, लक्ष्मण दास सहगल व फूल सिंह उपस्थित थे।

## शिविर में 225 लोगों ने कराई कैंसर व अन्य रोगों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा



रेवाड़ी। कैंप में जांच करते डॉक्टर व उपस्थित अतिथि।

गांव नंदरामपुर बास में शुक्रवार को निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। गांव के बाबा बिशन दास मंदिर गंगासहाय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से कैंप का आयोजन किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डा. कविता गुप्ता ने कैंप की अध्यक्षता की। कैंप में 225 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई, जिसमें 25 मरीजों का मैमोग्राफी टेस्ट, 50 मरीजों की ब्लडप्रेशर जांच, हार्ड बिट, ऑक्सीजन लेवल तथा 30 मरीजों की हिमोग्लोबिन की जांच की गई।

शिविर में डा. हेमंत गुप्ता, डा. कौशल, डा. कविता, सावन सैनी व माया देवी की टीम ने सेवाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर यादव, महामंत्री हनुमान छावड़ी, निखिल जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा व सरपंच नंदरामपुर बास लक्ष्मी मीणा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## नपा के नाले पर अवैध कब्जे, अधिकारी बने मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा



रेवाड़ी। नाले पर किया गया अतिक्रमण। फोटो : हरिभूमि

धारूहेड़ा कस्बे में गंदे पानी व बरसात के पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले पर लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। दुकानदारों ने नाले पर पक्के निर्माण करके अपना सामान रखा हुआ है, जिसकी वजह से कई जगह पर नाला दिखाई नहीं दे रहा है।

नगरपालिका के अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद भी नाले पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवैध कब्जा होने के कारण नाले की सफाई तक नहीं हो रही है। धारूहेड़ा के भगत सिंह चौक से सोहना-रेवाड़ी रोड, दिल्ली रोड जंगल बब्लर पर्यटन स्थल से होता हुआ नाला बस स्टैंड की ओर जा रहा है। राजस्व रिकार्ड के अनुसार नाले की चौड़ाई कहीं 15 फीट तो कहीं पर 20 फीट बताई जा रही है। अतिक्रमणकारियों ने नाले की जमीन पर अवैध कब्जा करके पक्के निर्माण कर लिए हैं। नगरपालिका का 20 फीट चौड़े नाले पर लोगों ने अवैध कब्जा कर चौड़ाई खत्म कर दी है।

नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह यादव ने कहा कि अवैध कब्जे करने वालों की सूची तैयार कर शीघ्र ही अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अतिक्रमण या अवैध कब्जा करने का कोई अधिकार नहीं है। सतबीर, रमेश व चरण सिंह सहित अन्य लोगों का कहना है कि अधिकारियों की ओर से जब भी अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जाता है तो गाज केवल गरीबों पर ही गिरती है। जिन्होंने नगरपालिका के साथ-साथ अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर पक्के निर्माण बना लिए हैं, उनकी तरफ अधिकारियों की जाने की हिम्मत तक नहीं होती है। प्रशासन को कस्बे में सरकारी जमीन से सभी जगह का अतिक्रमण हटवाना चाहिए। अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन को सही न्याय करना चाहिए।



रेवाड़ी। छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

## किशोरियों को कुपोषण और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला में शुक्रवार को केरी इनग्रेडिएंट्स कंपनी की ओर से सीएसआर गतिविधि के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कंपनी की ओर से समाजसेवी संस्था के साथ दिसंबर माह में विद्यालयों में महावारी स्वच्छता एवं कुपोषण विषय पर अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य हर्ष कुमार ने की। कुपोषण से जंग व महावारी स्वच्छता अभियान के तहत अब तक संस्था की ओर से 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक किया जा चुका है। कार्यक्रम में कंपनी के एचआर विभाग से वैंकटेश ने टीम के साथ भाग लिया। संस्था टीम में शामिल डा. कमलेश, एएनएम दीपिका व काउंसलर नमिता ने किशोरियों को माहवारी प्रबंधन के बारे जानकारी दी। उन्होंने किशोरियों को सैनेटरी नैपकिन के इस्तेमाल के बारे में भी बताया। संस्था की प्रधान सलोनी सिंगला ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले मानसिक व शारीरिक बदलाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कंपनी के फैक्ट्री मैनेजर अमित यादव, एचआर हेड राज चौधरी और विद्यालय के प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को अल्पाहार के साथ-साथ सैनिटरी नैपकिन भी बांटे गए। इस अवसर पर प्रवक्ता राजबाला, पुष्पा यादव, प्रोमिला व कमलेश सहित सभी छात्राएं उपस्थित थी।

## माता रमाबाई संस्था की नव कार्यकारिणी सदस्यों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। संस्था की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह प्रोटेम अध्यक्ष सुंदरलाल भांडोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अध्यक्ष भांडोरिया ने नव निर्वाचित प्रधान बुधराम पंवार, उप प्रधान डा. अतर सिंह दहिया, महासचिव फूल सिंह नाहरवाल, संयकत सचिव दिनेश कुमार, ट्रेजरार नारायण सिंह तंवर, कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार चौधरी, सतबीर सिंह चौहान, रामचंदर रांगेरा, पृथ्वी सिंह पूनिया व रोहतास सिंह सिंघल को संस्था संविधान एवं भारतीय मूल संविधान के अनुरूप पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पूर्व प्रधान आरपी मेहरा ने पूर्व कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। शपथ ग्रहण उपरांत संस्था के नए प्रधान बुधराम पंवार को पूर्व कार्यकारिणी सदस्यों ने पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर मदनलाल, महिपाल सिंह, ईश्वर सिंह, ओपी नाहरवाल, राजेंद्र प्रसाद दून, आर के बजारिया, होशियार सिंह गार्ड, कांशीराम खिंची, लाल सिंह, आरएस सांभरिया, प्रताप सिंह, चौधरी हंसराज, मेहर चंद, रामानंद, रूपचंद पूनिया, सुमित्रा पंवार, राजबाला दहिया व प्रेस सचिव बहादुर सिह उपस्थित थे।

### दड़ौली में कल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**कोसली।** जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से 24 दिसंबर को गांव दड़ौली स्थित राव निहाल सिंह स्कूल में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव विशाल यादव बताया कि अंडर-14 व अंडर-16 आयु वर्ग के लड़कें-लड़कियों की 80 मीटर, 600 मीटर, हाई जंप, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो व शोर्ट पुट की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अंडर-14 के खिलाड़ियों की जन्मतिथि 28 फरवरी 2010 से 27 फरवरी 2012 व अंडर-16 के 28 फरवरी 2008 से 27 फरवरी 2010 होनी चाहिए।

## गणित दिवस पर गणितज्ञों को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल




रेवाड़ी। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली पब्लिक स्कूल बावल के विद्यार्थियों ने महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गणित दिवस मनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक हरिओम सिवाच ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ रामानुजन और गुरु गोविंद सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय गणितज्ञ रामानुजन, आर्यभट्ट व ब्रह्म गुप्ता के जीवन पर प्रकाश डाला और रामानुजन के जीवन पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के अवतरण दिवस पर भी उनके जीवन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





रेवाड़ी। स्टॉल का अवलोकन करती वंदना पोपली तथा महिला को गैस चूल्हा भेंट करते वीर कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

## वंचितों को योजनाओं का लाभ दे रही संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को गांव असदपुर, महेश्वरी, बोड़िया कमालपुर, बिसोहा, जयसिंहपुर खेड़ा, केशोपुर, गुलाबपुरा व कहाड़ी पहुंची। गांव असदपुर व महेश्वरी में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, गांव बोड़िया कमालपुर व कहाड़ी में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बिसोहा में वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, गुलाबपुरा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हुकमचंद यादव, गांव जयसिंहपुर खेड़ा में जिला सचिव भाजपा कुलदीप चौहान व केशोपुर में नगर पालिका बावल उपप्रधान अर्जुन सिंह चौकन ने संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया। यात्रा के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल व गुलाबी राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### गरीबों को विकास योजनाओं में बनाया भागीदार: लक्ष्मण

इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सरकार ने गरीबों, वंचितों व मजदूरों को विकास की योजनाओं में भागीदार बनाया है। भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि जाति, बिरादरी से ऊपर उठकर समाज के अंतिम व वंचित व्यक्तियों का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सरकार भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध: वंदना

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

## अपने हलकों से बाहर नहीं निकल पाए वरिष्ठ नेता, एकजुट होकर आगे बढ़ने में नहीं दिखाई दिलचस्पी

# अहीरवाल में पूर्व सीएम की मजबूत टीम, अन्य कांग्रेसी नहीं बना पाए पकड़

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी



पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।



पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह।



युवा नेता अनिल पाल्हावास।



युवा नेता महाबीर मसानी।

गत लोकसभा चुनावों में बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अहीरवाल के कोसली हलके में हुई बड़ी हार ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को इस क्षेत्र पर पूरा फोकस करने पर मजबूर कर दिया है। पूर्व सीएम ने इस क्षेत्र में प्रभावी नेताओं की मजबूत टीम तैयार करने में जहां सफलता हासिल की है, वहीं वरिष्ठ होने के बावजूद लोकल कांग्रेसी लीडर अपनी लीडरशिप को मजबूत बनाने में पूरी तरह फेल साबित हुए हैं। आगामी चुनावों से पहले हुड्डा इस क्षेत्र में अपनी और बेटे दीपेंद्र की ताकत को मजबूत बनाने की रणनीति पर कार्य कर रहे हैं। दीपेंद्र की हार को राजनीतिक विश्लेषकों के साथ-साथ भाजपा को भी चौंका दिया था। लोकसभा चुनावों में इस सीट को कांग्रेस की सबसे सुरक्षित सीट माना जा रहा था, परंतु कोसली हलके ने सभी समीकरण एक झटके में बदल दिए थे। अकेले कोसली के दम पर इस क्षेत्र में नए प्रत्याशी के रूप में आए डा. अरविंद शर्मा को लोकसभा में पहुंचने का मौका मिल गया था। कोसली हलके में दीपेंद्र की बड़ी हार जहां पूर्व सीएम के लिए एक सबक बनी, वहीं भाजपा ने इस हलके को आशा के अनुरूप महत्व नहीं दिया। विषम परिस्थितियों में पार्टी का दिल खोलकर साथ देने वाले कोसली हलके को प्रदेश सरकार में हिस्सेदारी तक नहीं मिली। हुड्डा और दीपेंद्र ने न सिर्फ कोसली, बल्कि पूरे अहीरवाल क्षेत्र में अपनी ताकत को विस्तार देने के लिए लगातार प्रयास जारी रखे हैं। कोसली हल्के में मजबूत पकड़ बना रहे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के खास माने जाने वाले अनिल पाल्हावास को उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन करा दी। अनिल पाल्हावास दीपेंद्र की लोकसभा चुनावों में जीत पक्की करने के लिए कोसली हलके में मजबूत जनाधार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसी हलके से हुड्डा पूर्व मंत्री जगदीश यादव को भी कांग्रेस ज्वाइन करा चुके हैं। रेवाड़ी हलके में महाबीर मसानी पहले ही पूरी निष्ठा के साथ हुड्डा परिवार के साथ जुड़े हुए हैं। अब दिनेश राजेंद्र ठेकेदार, महेंद्र छाबड़ा और कुछ अन्य नए चेहरों को साथ जोड़ चुके हैं। पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा बावल हलके से टीम हुड्डा के मजबूत चेहरे हैं। उनके बाद आम आदमी पार्टी की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष रेखा दहिया भी हुड्डा के साथ जुड़ चुकी हैं। पुराने नेताओं में राव दान सिंह, राव नरेंद्र सिंह व अनीता यादव पहले ही हुड्डा की टीम में मजबूती से जुड़े हुए हैं।

### लीडरशिप क्रिएट नहीं कर पाए कैप्टन अजय

पूरे दक्षिणी हरियाणा में कांग्रेस पार्टी में कैप्टन अजय सिंह यादव को सबसे अधिक प्रभावी माना जाता है, लेकिन वह रेवाड़ी और गुरूग्राम से बाहर नहीं निकल पाए। उनका फोकस पहले खुद के लिए और बाद में बेटे के लिए रेवाड़ी की सल्तनत सुरक्षित करने पर रहा। उन्होंने इस हलके में कांग्रेस पार्टी के दूसरे चेहरों को आगे बढ़ने का मौका ही नहीं दिया। वर्ष 2005 तक अनीता यादव, राव दानसिंह, राव नरेंद्र सिंह और राव धर्मपाल जैसे नेताओं की अगुवाई करने वाले कैप्टन इन नेतओं को ज्यादा समय तक अपने साथ जोड़े नहीं रख पाए।

### प्रदेश कांग्रेस में अलग-थलग नजर आ रहे

आज आलम यह है कि प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी के चलते खुद की लीडरशिप तैयार करना तो दूर, कैप्टन किसी एक गुट के साथ खुलकर नहीं जुड़ पाए हैं। जिस गुट का पलड़ा भारी नजर आता है, वह उसी की ओर रुख करने में पीछे नहीं हटते। कुछ समय पूर्व वह कुमारी सैलजा का गुणगान करते नजर आते थे, परंतु प्रदेशाध्यक्ष पद से विदाई के बाद उन्होंने सैलजा की बजाय हुड्डा से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दीं। हुड्डा खेमे में इस समय अहीरवाल में ही कैप्टन के राजनीतिक विरोधियों को महत्व दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने हजारीवास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 8 दिसंबर को केस दर्ज किया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने एक आरोपी मनीष को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के चार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार होने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राकेश यादव निवासी बटोड़ी, मानपुरा निवासी कानसिंह रावत, जींद के फतेहगढ़ निवासी पवन कुमार और राजस्थान के पदमा की ढाणी निवासी छित्तरमल शामिल हैं। आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### बाइक चोरी में एक नाबालिग आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने सेक्टर-1 से बाइक चोरी करने के आरोप में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। इस सेक्टर से इंद्रा कॉलोनी निवासी अनिल की बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद चोरी की बाइक के साथ आरोपी को काबू कर लिया। उसे बाद में बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### सरकारी कार्य में बाधा का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सितंबर माह में दर्ज किए गए सरकारी कार्य में बाधा डालने और मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 29 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने खरखड़ा निवासी साहिल को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**रेवाड़ी।** दिल्ली रेलवे ट्रैक पर वीरवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। शव को शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल के शव में गृह में रखवाया गया है। पटौदी रोड फ्लाईओवर के पास शुक्रवार सुबह दिल्ली ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। जीआरपी ने मौके पर ही शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में जीआरपी ने शव को अस्पताल भिजवा दिया।

### सड़क हादसे में भतीजे की मौत, चाचा घायल

**भाड़ावास।** भाड़ावास के निकट ट्रॉले की चपेट में आने से बाइक भतीजे की मौत हो गई, जबकि चाचा घायल हो गया। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस बयान में भाड़ावास निवासी श्यामसुंदर ने बताया कि वह अपने भतीजे दीपक के साथ रसियावास ईंट भट्टे से घर जा रहा था। दो ईंट भट्टे पर काम करके घर लौट रहे थे। गांव के पेट्रोल पंप के पास ट्रॉले ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह और दीपक घायल हो गए। उसने एंबुलेंस बुलाकर दीपक को गंभीरावस्था में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### रास नहीं आ रही इंटरकास्ट मैरिज, मारपीट का केस

**रेवाड़ी।** मोहल्ला संघी का बास में इंटरकास्ट मैरिज करने वाली एक महिला ने अपने जेठ-जेठानी पर उसके, उसके पति और सास-ससुर के साथ मारपीट करने व मकान खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में सुलेखा ने बताया कि उसने चंदन के साथ इंटरकास्ट मैरिज की हुई है। चंदन के भाइयों को यह बात रास नहीं आ रही है। किसी न किसी बहाने दोनों भाई उसके पति और उसे परेशान करते रहते हैं। वह अपने सास-ससुर की देखरेख करती है।



रेवाड़ी। महोत्सव में कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*



रेवाड़ी। बच्चों को सम्मानित करते विधायक व अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने किया दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ

# शंखनाद व स्वस्तिवाचन से अध्यात्म, कला व संस्कृति को समर्पित गीता जयंती महोत्सव का भव्य आगाज

### महोत्सव में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

शहर के बाल भवन में शुक्रवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आगाज गीतापुरम के रूप में सुसज्जित स्थल पर अध्यात्म, कला, ज्ञान व संस्कृति के संगम को समर्पित होकर किया गया। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक विधा के रूप में जहां गीता ज्ञान की गंगा प्रवाहित हुई वहीं सरकार की जनहितकारी नीतियों व योजनाओं की जानकारी लोगों तक प्रदर्शनी के माध्यम से पहुंचाई गई। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन की संयुक्त भागीदारी के साथ जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने किया।

महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल कुमार मौजूद थे। गीता जयंती महोत्सव के ओवरऑल इंचार्ज एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने दो दिवसीय महोत्सव की रूपरेखा से अवगत कराया। महोत्सव में विधायक लक्ष्मण सिंह ने गीतापुरम में लगाई गई अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए अवलोकन किया। विधायक व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सांस्कृतिक मंच से गीता पूजन करते हुए दीप प्रज्वलन कर गीता जयंती महोत्सव गरिमामयी ढंग से शुभारंभ किया। गीता महोत्सव-2023 पूर्ण रूप से गीता के 18 अध्यायों व प्रदत्त शिक्षाओं पर आधारित है, जिससे आमजन को गीता पर आधारित बेहतरीन प्रस्तुति सांस्कृतिक मंच से देखने को मिल रही है।





रेवाड़ी। शंखनाद से महोत्सव का शुभारंभ करते आचार्य व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की स्टॉल का अवलोकन करते विधायक। *फोटो: हरिभूमि*

#### गीता में कर्मयोग का वर्णन : विमल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल कुमार ने कहा कि भगवद गीता प्रमुख धार्मिक ग्रंथों में से एक है। भगवद गीता के संदेश मानवता के लिए अत्यंत मूल्यवान हैं। महाभारत युद्ध के समय में अर्जुन को धर्म और कर्म के संदेश को समझाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें गीता का ज्ञान दिया था। इस ग्रंथ में दिए गए तत्वों और मार्गदर्शन से व्यक्ति अपने जीवन में सही नैतिकता, धार्मिकता और उच्चतम मानवीय मूल्यों की ओर अग्रसर हो सकता है। गीता में कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग जैसे विभिन्न योगों का वर्णन है, जो मानव जीवन को एक उच्च स्तर पर लेकर जाने का मार्ग दिखाते हैं।

#### कठिनाई में गीता दिखाती राह : लक्ष्मण

विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हिन्दू धर्म में कर्म को प्रधान माना गया है। शास्त्रों में यह विदित है कि जो व्यक्ति जैसा कर्म करता है उन्हें उसी प्रकार से फल की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति के कर्मों के आधार पर अपना जीवन व्यतीत करता है उन्हें सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है और वह कई प्रकार की समस्याओं से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता हमें जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने की नई प्रेरणा देता है। व्यक्ति के जीवन में विपत्तियां, अंधकार व कठिनाई होती है तो गीता हमें राह दिखाती है। गीता के छोटे से सार को पढ़ने के बाद हमारे जीवन के हर संशय को दूर किया जा सकता है।

#### गीता जयंती महोत्सव की झलकियां

**नगाड़ा व बीन पार्टी ने किया अभिनंदन**

बाल भवन परिसर में सुसज्जित गीता पुरम में नगाड़ा व बीन पार्टी के कलाकारों ने सभी आगंतुकों का पारंपरिक ढोल-नगाड़ों व बीन की लहरी पर अभिनंदन किया।

**विधायक ने उठाया गोल-गप्पों का लुत्फ**

गीता जयंती महोत्सव में लगी विभागीय प्रदर्शनी के दौरान स्टॉल का अवलोकन करते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह ने स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर गोल-गप्पे खाकर लुत्फ उठाया।

**सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र**

गीतापुरम में प्रवेश करते ही बनाया गया कलात्मक भगवान श्रीकृष्ण के चित्र वाला सेल्फी प्वाइंट सभी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। सेल्फी प्वाइंट पर मुख्यातिथि सहित स्कूली बच्चों व अधिकारियों ने सेल्फी ली।

**फूलों की पौध से चर्चित रहा मृदुल आश्रय**

गीतापुरम में मृदुल आश्रय नामक संस्थान द्वारा फूलों की निशुल्क पौध वितरित की गई, पर्यावरण प्रेमियों ने बढ़-चढकर मृदुल आश्रय के इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



रेवाड़ी। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान गोल गप्पे खाते लक्ष्मण सिंह।



रेवाड़ी। महोत्सव में डांस पेश करती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

#### प्रदर्शनी में दिखी हरियाणा के विकास की झलक

महोत्सव में पुलिस विभाग, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, जिला सैनिक बोर्ड, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला रेडक्रास सोसायटी, समाज कल्याण विभाग, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, हैफेड, महिला उद्यमी एवं हस्तकला, जीयो गीता, इस्कॉन, मृदुल आश्रय, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अखिल भारतीय महिला परिषद, आर्य साहित्य केंद्र व नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों और संगठनों की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं सहित धार्मिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रदर्शनी लगाई।

#### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, एसपी दीपक सहारन, एसडीएम होशियार सिंह, डीईओ नसीब सिंह, डीईईओ वीरेंद्र नारा, डीडीपीओ एचपी बंसल, डीसीडब्ल्यूओ वीरेंद्र सिंह, सीएमओ डा.सुरेंद्र यादव, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, बीईओ सतपाल धूपिया, रेडक्रास सचिव महेश गुप्ता सहित समाजसेवी एमपी गोयल व अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। मंच संचालन प्रवक्ता डा. ज्योत्सना व प्रवक्ता सुधीर यादव ने किया।

## गणित सभी विषयों का मूलभूत आधार

- केएलपी कॉलेज में गणित दिवस पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

किशन लाल पब्लिक कॉलेज के गणित विभाग की ओर से राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को याद किया गया। इस अवसर पर 30 प्राध्यापक मौजूद थे। सभी ने गणित विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। गणित विभाग के अध्यक्ष डा. विकास पोपली ने कहा कि गणित सभी विषयों का मूलभूत आधार है और अगर शून्य और अनंत की खोज न हुई होती तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ पाना असंभव था। मुख्यातिथि प्राचार्या डा. कविता ने कहा कि वैदिक गणित के माध्यम से गणना करना बहुत आसान हो गया है। इस अवसर पर सभी ने रामानुजन को नमन किया। डा. ऋचा शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षा को नई शिक्षा नीति के द्वारा लागू करने को ऐतिहासिक कदम बताया। डा. प्रतिभा ने कहा कि आज का समाज परिवर्तन की अवस्था से गुजर रहा है और गणित के विभिन्न आयाम इन परिवर्तनों में परिलक्षित होते हैं। मंच संचालन पत्रकारिता जनसंचार विभाग के प्राध्यापक मुकुट अग्रवाल ने किया। गोष्ठी में डा. अनुराधा दीपक, डा.. अलका, डा. प्रतिभा, डा. मंजू, डा. दिव्या, डा. अमित कुमार, राजकुमार, लक्ष्य, डा. पंकज, व डा. विशाल अग्रवाल सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते शिक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

### क्विज में महात्मा गांधी सदन बना विजेता

**धारूहेड़ा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय भटसाना में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर गणित विषय पर वाद विवाद व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की सभी कक्षाओं को पांच सदनों में विभाजित किया गया। विज्ञान अध्यापक विनोद कुमार की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में महात्मा गांधी सदन ने प्रथम तथा रानी लक्ष्मीबाई सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डा. राजेंद्र प्रसाद व स्वामी विवेकानंद सदन संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर जिला पार्षद निरंजन लाल, समाजसेवी अनु यादव,अध्यापक चंद्रशेखर, लखपत सिंह, नरेश कुमार व भारती देवी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

## पोस्टर मेकिंग में साक्षी बनी बिजेता

- महान गणितज्ञ एस रामानुजन की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित विभाग की ओर से पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीता यादव के नेतृत्व में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया यह दिवस महान गणितज्ञ एस रामानुजन की जयंती पर मनाया जाता है। इनका नंबर थ्योरी, ईनफिनिट सीरीज के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रोफेसर बलवीर सिंह ने कहा कि छात्राएं प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महान गणितज्ञों के योगदान को अपने जीवन में उतार कर एक सफल लक्ष्य को प्राप्त करती हैं और गणित क्षेत्र में भारत का योगदान अतुलनीय रहा है। भारतीय प्राचीन ग्रंथो में गणित गणनाओं के अनूठे उदाहरण मिलते हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय व करीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सोनिका प्रथम, प्रीति द्वितीय व कुकू तृतीय स्थान पर रही। निदेशक ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अनिल कुमार, डा. अनीता देवी व डा. रिनू यादव ने निभाई। इस अवसर पर सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

### पांच खंडों से शिक्षा विभाग के 1195 अधिकारी व कर्मचारी ले चुके ट्रेनिंग

## मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग सेंटरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से चलाए गए कार्यक्रम 'मिशन कर्मयोगी' के तहत सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की काम करने की शैली में सुधार के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। इसका मूल मकसद लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले अधिकारी तैयार करना है। यह प्रशिक्षण हिपा की ओर से तैयार किए गए मास्टर ट्रेनरों की ओर से दिया जा रहा है। डाइट प्राचार्य सुभाष चंद्र के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के विभिन्न ब्लॉकों में चल रहे मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग सेंटरों का डाइट पर्यवेक्षकों ने निरीक्षण किया। यह प्रशिक्षण प्रथम श्रेणी से चतुर्थ श्रेणी तक के सभी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। पर्यवेक्षकों ने कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं की समय पर उपस्थिति, स्मार्ट बोर्ड पर प्रशिक्षण की व्यवस्था, बिजली व इंटरनेट की व्यवस्था, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, वितरण की गई सामग्री, जलपान तथा भोजन की गुणवत्ता की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट तैयार की।



रेवाड़ी। ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण करते हुए पर्यवेक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

#### इन स्टॉफ सदस्यों की लगाई गई ड्यूटी

डा. बीर सिंह रेवाड़ी ब्लॉक, दीपक कुमार बावल, हवा सिंह खोल एवं डा. सुरेंद्र कुमार की नाहड़ व जाटूसाना ब्लॉक में ड्यूटी लगाई गई। निरीक्षण के दौरान रेवाड़ी ब्लॉक में प्रशिक्षुओं की संख्या 35 में से 35, नाहड़ में 35 में से 32 जाटूसाना 35 में से 30, बावल में 70 में से 68 व खोल ब्लॉक में 70 में से 70 पाई गई। ट्रेनिंग प्रभारी डा. बीरसिंह वरिष्ठ प्राध्यापक ने बताया कि अभी तक रेवाड़ी ब्लॉक से 335, जाटूसाना से 220, खोल से 273, बावल से 335 व नाहड़ से 32 सहित जिला शिक्षा विभाग से 1195 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पर्यवेक्षकों की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट का अध्ययन कर खंड शिक्षा अधिकारियों कम खंड समन्वयकों (मिशन कर्मयोगी) को भेजा जाएगा ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारु रूप से चल सके। जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नारा, खंड संसाधन समन्वयक अरविंद यादव व जिला नोडल अधिकारी किरण यादव सहित सभी खंड समन्वयकों (बीइओ) की ओर से भी समय-समय पर ट्रेनिंग की मॉनिटरिंग की जा रही है।

## सर्दी के साथ बढ़ी पशु चोरी की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

सर्दी के मौसम में पशु चोर सक्रिय हो जाते हैं। हर साल इस सीजन में पशु चोरी की घटनाएं होती हैं, परंतु रात्रि गश्त के बावजूद पुलिस चोरों को काबू नहीं कर पाती। तीन स्थानों से चोर पशु चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। बेरली खुर्द निवासी बबलेश ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह रात को अपनी भैंस प्लॉट में बांधकर घर आ गई थी। सुबह जब दूध निकालने के लिए प्लॉट में गई, तो भैंस और कटिया दोनों गायब मिली। भैंस चोरी होने के बारे में ग्रामीणों को बताया तो गांव के ही गंगाराम ने बताया कि चोर उसकी भी एक तीन साल की कटड़ी चोरी कर ले गए। थाना जाटूसाना पुलिस ने दोनों की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

#### संगवाड़ी से भी किसान की भैंस चोरी

संगवाड़ी निवासी किसान मोजीराम ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह रात को अपनी भैंस प्लॉट में बांधने के बाद घर चला गया। सुबह भैंस का दूध निकालने के लिए गया तो प्लॉट में भैंस नहीं थी। उसने आसपास पता किया, परंतु भैंस के बारे में कोई सुराग नहीं लगा। थाना कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।